हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 19 फरवरी 2025

11 नकल नहीं करने और पर्यावरण संरक्षण का...



12 दिल्ली-हिसार व किसान एक्सप्रेस को भिवानी ...



**खबर संक्षेप**

### नया बाजार फीडर सुबह सात बजे से रहेगा बंद

**भिवानी।** नया बाजार स्थित 11 हजार केवी फीडर 19 फरवरी बुधवार को सुबह सात बजे से लेकर शाम तीन बजे तक बंद रहेगा। यह जानकारी जेई पवन कुमार ने दी। इस फीडर के अंतर्गत आने वाले रामनगर, चिरंजीवी कॉलोनी, बीटीएम चौक, जगत कॉलोनी, विजय नगर, हांसी चौक, नया बाजार फूलो का चौक व नया बाजार क्षेत्र की बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

### रोजगार मेला 21 को जिला रोजगार कार्यालय में

**भिवानी।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि रोजगार विभाग द्वारा 21 फरवरी को जिला रोजगार कार्यालय भिवानी में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त ने जिला के युवाओं का आह्वान किया है कि वे रोजगार मेले में अधिक से अधिक भाग लेकर रोजगार प्राप्त करें।

### अनाधिकृत निर्माण हटाने को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**भिवानी।** जिलाधीश महावीर कौशिक ने अनाधिकृत निर्माण को हटाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। जिला नगर योजनाकार विभाग भिवानी ने अपने पत्र के माध्यम से बताया गया है कि जिला भिवानी के नियंत्रित क्षेत्र से अनाधिकृत निर्माण को हटाया जाना है। इस दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना जरूरी है। इस कार्य के लिए जल सेवाएं भिवानी के एसडीओ जगबीर सिंह को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया। डीसी ने कहा है कि ड्यूटी मजिस्ट्रेट समस्त कार्रवाई नियम अनुसार करें।

### डिजिटल अरेस्ट के नाम पर फोन आए तो तुरंत पुलिस को सूचना दें

# डिजिटल अरेस्ट: आरोपियों के तार 'चाइनीज' के साथ जुड़े मिले

- क्रिप्टो कैरेंसी के जरिए करवाते थे ठगी के पैसों को व्हाईट मनी
- डिजिटल अरेस्ट के नाम का कोई भी प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

ऑनलाइन फ्रॉड व डिजिटल अरेस्ट मामले में भिवानी साइबर पुलिस को सबसे बड़ी कामयाबी हाथ लगी। डिजिटल अरेस्ट मामले में पकड़े गए आरोपियों में दो आरोपियों के तार चाइनिज (फर्जी इन्वेंस्टम स्कम चलाने वाली ) के साथ जुड़े मिले। हालांकि अभी आगे आरोपियों ने क्या खुलासा किया इसकी जानकारी तो नहीं है,लेकिन पकड़े गए आरोपी ठगी की राशी को क्रिप्टो क्रेंसी में लगाकर व्हाईट मनी करवाते थे। पकड़े गए चार आरोपियों में से दो को न्यायिक हिरासत में भेज दिया तो दो से अभी भी पुलिस पूछताछ कर रही है।

साइबर पुलिस की पूछताछ में सादलपुर चुरु निवासी मोहम्मद इस्लाम व मयंक के तार चाइनिज के साथ जुड़े हुए है। वे ठगी की राशी को क्रिप्टो कैरेंसी में लगाकर व्हाईट मनी बनवा लेते थे। इस कार्य पर उनको मोटा कमीशन मिलता था। आरोपियों के कब्जे से छह मोबाइल, ठगी की एक लाख 52 हजार रुपये ठगी की राशि, बरामद हुई है। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

पुलिस के अनुसार आरोपी मयंक चाइना निवासी एक आरोपी के संपर्क में था जो आरोपी भारत में डिजिटल अरेस्ट के नाम पर धोखाधड़ी करके, धोखाधड़ी के रुपए क्रिप्टो करेंसी में कन्वर्ट करके चाईना भेजते थे, इसके बदले में आरोपियों को उनका कमीशन मिलता था। अभियोग का अनुसंधान जारी है वहीं अभियोग में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जाएंगे ।



**भिवानी।** पुलिस हिरासत में डिजिटल अरेस्ट के आरोपी।

#### आरोपियों तक यूं पहुंची पुलिस

पुलिस के मुताबिक बैंकिग चेन ने आरोपियों की कमर तोड़ दी। आरोपियों के खाते में पैसे जाने के बाद बैंक कॉलोनी निवासी कपिल के खाते में राशि आई तो पुलिस ने बैंक में जाकर पूरी जानकारी ली। जानकारी मिलने के बाद आरोपी कपिल ने अपना कमीशन काटकर यह राशि निगाना निवासी अलीम के खाते में ट्रांसफर कर दी। उसके बाद पुलिस ने बैंक में जमा राशि के आधार पर कड़ी जोड़ते हुए सभी आरोपियों को धर दबोचा। प्रबंधक थाना साइबर क्राइम भिवानी उप निरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि डिजिटल अरेस्ट के नाम का कोई भी प्रावधान पुलिस में नहीं है। यदि जिले में किसी भी व्यक्ति या महिला के पास डिजिटल अरेस्ट के नाम पर किसी पुलिस अधिकारी के नाम से फोन आता है और पैसों की डिमांड की जाती है तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें व 1930 पर इसकी शिकायत दर्ज करवाए।

#### यह था मामला

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 जनवरी को उनके व्हाट्सएप पर एक कॉल आई थी जो कॉल करने वाले ने खुद को ईडी अधिकारी बताते हुए शिकायतकर्ता को बताया कि आपके खिलाफ मनी लॉनड्रिंग मामले में मुंबई अंधेरी में एक एफआईआर दर्ज की गई है, जो आपके खिलाफ एक नॉन बेलेबल वारंट भी जारी किया गया है। आरोपियों ने पीड़ित को बताया कि वे उसको होम अरेस्ट करके पूछताछ करेंगे, वहीं डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर आरोपियों के द्वारा 13 दिन उन्हें डिजिटल अरेस्ट करके कुल 16,26,000 रुपए की धोखाधड़ी की गई थी, जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना साइबर क्राइम भिवानी में दर्ज किया था। 15 फरवरी को थाना साइबर क्राइम भिवानी के मुख्य सिपाही रफीक ने 13 दिन डिजिटल अरेस्ट रखकर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में मुख्य आरोपी सहित चार आरोपियों को भिवानी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की थी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अलीम पुत्र धर्मबीर निवासी निगाना, कलानौर रोहतक, मोहम्मद इस्लाम पुत्र बाबू निवासी वार्ड नंबर- 22 सादलपुर चुरु राजस्थान, कपिल पुत्र लीलू राम निवासी बैंक कॉलोनी भिवानी व मयंक पुत्र सुशील निवासी वार्ड नंबर- 24 सादलपुर चुरु, राजस्थान के रूप में हुई थी।

## अध्यक्ष पद के 19 और पार्षद पदों के लिए 73 नामांकन पत्र सही मिले



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम महेश कुमार ने बताया कि बवानी खेड़ा नगर पालिका के आम चुनाव-2025 में स्क्रूटनिगं के बाद अध्यक्ष पद के 19 और पार्षद पदों के लिए 73 नामांकन पत्र सही मिले हैं। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र वापिस लेने का अन्तिम समय बुधवार दोपहर बाद 03:00 बजे तक रहेगा। वहीं नामांकन वापसी के तुरंत बाद उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह अलाट कर दिए जाएंगे।

नगर पालिका में पार्षद पद के लिए वार्ड एक से पांच , वार्ड दो, तीन, चार व पांच से चार- चार, वार्ड छह से छह, सात से चार, आठ से तीन, वार्ड नम्बर नौ से आठ, दस से तीन,11 से 4, वार्ड नम्बर 12,13,14 से पांच- पांच, 15 से 3 और वार्ड नम्बर 16 से 4 नामांकन पत्रों की स्क्रूटनिगं/ जांच करने उपरान्त सही मिले हैं। उन्होंने बताया वहीं 19 फरवरी को दोपहर बाद तीन बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए जाएंगे। 19 को ही चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों व मतदान केंद्रों की सूची निर्धारित स्थान पर चस्पा कर दी जाएगी। 02 मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान करवाया जाएगा। 12 मार्च को मतगणना करवाई जाएगी।

### लोहारू नपा में पार्षद का नामांकन हुआ रद

**लोहारू।** लोहारू नगर पालिका चुनावों को लेकर अध्यक्ष और 14 वार्डों के पार्षद पद के लिए 74 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। जिनकी निर्धारित समय अनुसार मंगलवार को जांच की गई तथा योग्यता पूर्ण नही कर पाने की सूरत में वार्ड न. 14 से अमरचंद का नामांकन पत्र रद कर दिया गया। बुधवार को तीन बजे तक नामांकन वापिस लिए जा सकेंगे तथा तीन बजे बात अंतिम उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी मनोज दलाल ने बताया कि जांच के दौरान वार्ड नंबर 14 से पार्षद पद के उम्मीदवार अमरचंद पुत्र नोरंग लाल का नामांकन पत्र योग्यता पूर्ण न करने के कारण निरस्त कर दिया गया। यह वार्ड सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित है, लेकिन अमरचंद 10वीं पास नहीं होने के कारण अयोग्य पाए गए, जिससे उनका नामांकन रद्द किया गया। एसडीएम मनोज दलाल ने बताया कि 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक उम्मीदवार अपने नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। इसके बाद, 19 फरवरी दोपहर 3 बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। इसी दिन चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी।

### नपा चुनाव को लेकर इवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन सम्पन्न : उपायुक्त

- सिवानी के लिए 16, बवानीखेड़ा के लिए 16 व लोहारू के लिए 14 मतदान केंद्र बनाए गए

**भिवानी।** जिले के अंतर्गत आने वाली तीन नगर पालिकाओं सिवानी, बवानीखेड़ा व लोहारू के चुनाव को लेकर उपायुक्त महावीर कौशिक की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के डीआरडीए हाल में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (इवीएम) का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। उपरोक्त तीनों नगर पालिकाओं में अध्यक्ष व मेंबर के चुनाव दो मार्च को होंगे। सिवानी के लिए 16, बवानीखेड़ा के लिए 16 व लोहारू के लिए 14 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन सभी मतदान केंद्रों के लिए कंट्रोल यूनिट व बैलेट यूनिट का रेंडमाइजेशन किया गया है। उपायुक्त महावीर कौशिक ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवाना ही प्रशासन का दायित्व और जिम्मेदारी होती है। रेंडमाइजेशन से पहले डीआईओ अमित लांबा ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी।





# फिल्म कन्नप्पा से प्रभास का रुद्र लुक रिलीज...

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म कन्नप्पा से उनका लुक रिलीज हो गया है। फिल्म कन्नप्पा के निर्माताओं ने इस फिल्म से प्रभास का लुक रिलीज कर दिया है। फिल्म कन्नप्पा में प्रभास के किरदार का नाम रूद्र है। फिल्म कन्नप्पा मुकेश कुमार सिंह निर्देशित और एम. मोहन बाबू निर्मित है। हाल ही में निर्माताओं ने भगवान शिव की भूमिका में अक्षय कुमार का एक आकर्षक पोस्टर जारी किया था। इस फिल्म से अक्षय तेलुगू सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म का टीजर, कान फिल्म फेस्टिवल में विष्णु मांचू, मोहन बाबू और प्रभु देवा ने दिखाया था।

लाइफStyle



# रश्मिका

## टैग मिलने से नहीं मेहनत से बनता है कॅरियर

साउथ सिनेमा से लेकर बॉलीवुड तक अपनी अलग पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना एक समय में 'नेशनल क्रश' के नाम से मशहूर थीं। 28 साल की उम्र में ही वो भारत की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक बन चुकी हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान रश्मिका ने कहा कि टैग्स मिलने से करियर नहीं बनता, बल्कि मेहनत, लगन, लोगों का प्यार और उनकी फिल्में मायने रखती हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

2016 में कन्नड़ फिल्म 'किरिक पार्टी' से करियर शुरू करने वाली रश्मिका को लगा था कि ये उनकी पहली और आखिरी फिल्म होगी। रश्मिका मंदाना ने बताया, 'आज मैं 24 फिल्मों के बाद भी यहां हूं। मुझसे ज्यादा सुंदर और टैलेंटेड महिलाएं इंडस्ट्री में हैं, लेकिन मुझे अपनी इस जर्नी पर गर्व है। मैं अपने फैंस से गहराई से जुड़ी हुई हूं और ये मेरे लिए बहुत खास है'। पिछले दो सालों में रश्मिका ने बॉलीवुड और साउथ सिनेमा में दो बड़ी हिट फिल्में दी हैं। 2023 में 'एनिमल' में रणबीर कपूर के साथ काम किया, जिसने 1,000 करोड़ से ज्यादा कमाए। वहीं, 2024 में 'पुष्पा 2: द रूल' में श्रीवल्ली के किरदार में वापसी कर 1,800 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। रश्मिका मंदाना के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी अगली फिल्म 'छावा' है, जिसमें वे विक्की कौशल के साथ नजर आ रही हैं। ये फिल्म मराठा सम्राट छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है, जिसे लक्ष्मण उतेकर निर्देशित कर रहे हैं। ये फिल्म 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। रश्मिका ने कहा, 'अगर साउथ और हिंदी इंडस्ट्री में एक साथ कोई इवेंट हो, तो तय करना मुश्किल होता है लेकिन मुझे हर जगह से इतना प्यार मिला है कि मैं अपनी नींद छोड़कर भी वहां पहुंचना चाहती हूं।

हॉलीवुड मसाला



# 'कैप्टन अमेरिका' की कमाई में गिरावट...

**लॉस एंजिल्स।** पिछले शुक्रवार को हॉलीवुड फिल्म 'कैप्टन अमेरिकाः ब्रेव न्यू वर्ल्ड' भारत में रिलीज हुई। मार्वल प्रोडक्शन की इस फिल्म को बहुत अच्छा रेस्पॉन्स नहीं मिल रहा है। जानिए, अब तक इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस कितना कलेक्शन किया? पांचवे दिन की इसकी कमाई क्या रही। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार फिल्म 'कैप्टन अमेरिकाः ब्रेव न्यू वर्ल्ड' ने पांचवें दिन लगभग 52 लाख रुपये ही कमाए हैं। यह कमाई पिछले दिनों के मुकाबले कम है। इस हॉलीवुड फिल्म के भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में लगातार गिरावट आ रही है।



# क्रिस्टोफर की 'द ओडिसी' में नजर आएंगे मैट डेमन

**लॉस एंजिल्स।** क्रिस्टोफर नोलकी की आगामी फिल्म 'द ओडिसी' में मुख्य किरदार निभाने वाले अभिनेता के नाम की घोषणा हो गई है। बता दें कि इस फिल्म में मैट डेमन मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। ये खुशखबरी सामने आते ही अभिनेता के फैंस उन्हें पर्दे पर देखने के लिए बेहद उत्साहित हो गए हैं। अभिनेता मैट डेमन और उनके लुक को लेकर फिल्म के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर ये जानकारी दी गई है। पोस्ट में फिल्म रिलीज डेट के बारे में भी बताया गया है। पोस्ट में यह भी बताया गया कि यह फिल्म 17 जुलाई साल 2026 को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली है। यह कविता ग्रीक कवि होमर ने लिखी है। इसमें इथाका के राजा ओडिसियस की कहानी है, जो ट्रोजन युद्ध के बाद अपने घर लौटने के लिए यात्रा के दौरान कई कठिनाइयों का सामना करते हैं। इस यात्रा में ओडिसियस को कई खतरे उठाने पड़ते हैं।



# एक्टर की परिभाषा बदल रही है...

**मुंबई।** एक्ट्रेस समरीन कौर ने कहा कि एक मॉडल और पेजेंट फाइनलिस्ट के तौर पर अपनी शुरूआत करने वाली समरीन ने बॉलीवुड फिल्मों से अपना डेब्यू नहीं किया, बल्कि उन्होंने पहले म्यूजिक वीडियो के ज़रिए दर्शकों को आकर्षित किया, जिसमें उनका गाना इश्क भी शामिल है। इस पर वे कहती हैं, "एक एक्टर की परिभाषा बदल रही है। समरीन रणवीर सिंह स्टारर फिल्म '83' में काम कर चुकी हैं। समरीन जल्द ही कुछ आपको कुछ बेहद दिलचस्प प्रोजेक्ट्स में नज़र आएँगी। उन्होंने आगे कहा, "आजकल सिर्फ फिल्म डेब्यू काफी नहीं है, बल्कि जरूरी है कि आप अलग-अलग माध्यमों के जरिए दर्शकों से जुड़ें। हालांकि, समरीन ने अपनी सोशल मीडिया प्रेजेंस के जरिए अपने दर्शक कमाए हैं।



# 'द पैराडाइज' का ऐलान शूटिंग होगी शुरू

**मुंबई।** प्रोडक्शन हाउस एसेसलवी सिनेमा ने अपनी अगली फिल्म 'द पैराडाइज' का ऐलान कर दिया है। श्रीकांत ओडेला के निर्देशन में बनने वाली यह फिल्म का ऐलान दिलचस्प पोस्टर के साथ किया गया। फिल्म द पैराडाइज में म्यूजिक की कमान रॉकस्टार अनिरुद्ध रविचंदर ने संभाली है। फिल्म द पैराडाइज में अभिनेता नानी लीड रोल में नजर आएंगे। फिल्म पैराडाइज के निर्माता एसएलवी प्रोडक्शन ने सोशल मीडिया पर एक दिलचस्प पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है, हैदराबाद की धड़कनें पूरी दुनिया में गूंजेंगी। द पैराडाइज में रॉकस्टार अनिरुद्ध का म्यूजिक है, निर्देशक श्रीकांत ओडेला है और फिल्म में मुख्य कलाकार नानी हैं। यह फिल्म तीन शानदार ताकतों का मिलाजुला परिणाम होगीः नेचुरल स्टार नानी, निर्देशक श्रीकांत ओडेला, और रॉकस्टार अनिरुद्ध रविचंदर।'

टीवी मसाला



# अंगूरी भाभी के दीवानों के लिए खुशखबरी...

मुंबई। सबसे लंबे समय तक चलने वाले टीवी कॉमेडी डेलीज में से एक 'भाबी जी घर पर हैं!' के प्रशंसकों के लिए बड़ी खबर है। सालों से दर्शकों के प्यार से सराबोर रहे इस टीवी शो पर फीचर फिल्म बनने जा रही है। इस शो पर शशांक बाली द्वारा निर्देशित फिल्म इसी साल रिलीज होगी, जिसके लिए शूटिंग 15 मार्च से देहरादून (उत्तराखंड) में शुरू होगी। अभिनेता रोहिताश्व गौर (जो मनमोहन तिवारी का किरदार निभा रहे हैं) ने खबर की पुष्टि करते हुए कहा, "जी, वाकई ये सच है! हम बेहद उत्साहित हैं, अभिनेता होने के नाते हम सभी खुद को सिल्वर स्क्रीन पर वापस देखने का सपना देखते हैं और यह हो रहा है। यह एक सपने के सच होने जैसा है। अभिनेत्री विदिशा श्रीवास्तव (जो अनीता मिश्रा का किरदार निभा रही हैं) कहती हैं, "यह हमारे प्रशंसकों के प्यार की वजह से है कि हम इतनी बड़ी छलांग का हिस्सा बन रहे हैं। मैं इस शो से बहुत बाद में जुड़ी, लेकिन आज यह मेरा परिवार है। उन्होंने आगे कहा, "शो का सार बना रहेगा और हम दर्शकों के लिए बहुत सारा धमाल करने का वादा करते हैं। स्टार कास्ट में रोहिताश्व और विदिशा, आसिफ शेख (जो विभूति नारायण मिश्रा का किरदार निभा रहे हैं) और शुभांगी अत्रे (अंगूरी तिवारी) के अलावा अन्य किरदार शामिल होंगे जो शो की सफलता का हिस्सा रहे हैं। 10 साल से प्राइम-टाइम स्लॉट में चल रहा शो के 2,500 से अधिक एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं।

## टीवी शो 'शिव शक्ति तप त्याग तांडव' में नजर आएगी घुमारवीं की बेटी..

**घुमारवीं।** मायानगरी मुंबई में हिमाचल प्रदेश के घुमारवीं की रिया शर्मा धूम मचा रही है। कलर चैनल पर लोकप्रिय धारावाहिक महाकाव्य पौराणिक गाथा शिव शक्ति-तप त्याग तांडव में कन्या कुमारी की महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। छोटे पर्दे पर यह धारावाहिक कलर चैनल पर सोमवार से रविवार रात आठ बजे प्रसारित होता है। इससे पहले भी रिया ने स्टार प्लस चैनल में हिट सीरियल तेरी मेरी डोरियां में मन्नत के किरदार से दर्शकों का दिल जीत चुकी है। रिया के पिता व्यवसायी अनिल शर्मा और माता सुनीता शर्मा गृहिणी और समाजसेविका हैं।



# न शोले, न मुगल-ए-आजम, ये है 100 करोड़ कमाने वाली पहली भारतीय फिल्म

**मुंबई।** आज के समय में फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर 100-200 करोड़ रुपये का कलेक्शन करना आम बात हो गई है। लेकिन क्या आप उस पहली भारतीय फिल्म का नाम जानते हैं, जिसने ये आंकड़ा छुआ था? ये उस दौर की बात है, जब फिल्में 10-20 करोड़ ही कमा लें तो ब्लॉकबस्टर की श्रेणी में आ जाती थीं। जब भी 100 करोड़ी फिल्मों की बात होती है तो 2000 के दशक में आईं 'गजनी' और '3 इडियट्स' जैसी फिल्मों के नाम आते हैं। इन फिल्मों ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर ये आंकड़ा छुआ था, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि पहली 100 करोड़ी फिल्म 80 के दशक में रिलीज हुई थी।




***डिस्को डांसर के बिके थे 12 करोड़ से ज्यादा टिकट :*** आपको बता दें कि ये फिल्म कोई और नहीं बल्कि बब्बर सुभाष के निर्देशन में बनी 'डिस्को डांसर' थी, जिसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया था। ये पहली बॉलीवुड फिल्म रही, जिसने यह उपलब्धि हासिल की। डिस्को डांसर की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसके 12 करोड़ टिकट्स बिके थे। इसी के साथ डिस्को डांसर की वर्ल्ड वाइड कमाई लगभग 100.68 करोड़ रुपये तक पहुंच गई थी। फिल्म ने विदेशी कमाई के मामले में सारी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया, 1984 में रूस में लगभग 60 मिलियन रूबल (लगभग 94.28 करोड़ रुपये) का कलेक्शन किया।

# डिलेवरी बॉय से लेकर एसटीडी बूथ तक में किया काम

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मों में हीरो बनने का सपना लाखों एक्टर देखते हैं। लेकिन कुछ ही जुनूनी एक्टर्स का ये सपना सच हो पाता है। ऐसा ही एक जुनूनी अभिनेता है जिसने एक्टर बनने से पहले डिलेवरी बॉय के तौर पर काम किया। इतना ही नहीं एसटीडी फोन बूथ पर बतौर ऑपरेटर नौकरी की और क्लब्स में भी रोजगार तलाशते रहे।लेकिन जब हीरो बने तो धमाका कर दिया। अब इसी हीरो की फिल्म ने स्टारकिड्स जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर पटखनी दे डाली। हम बात कर रहे हैं 'सनम तेरी कसम' के हीरो 'हर्षवर्धन राणे' की।

***सनम तेरी कसम ने दुबारा रिलीज पर तोड़ा रिकॉर्ड :*** बॉलीवुड एक्टर हर्षवर्धन राणे की फिल्म 'सनम तेरी कसम' 9 साल बाद सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज हुई तो बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर गई। इस फिल्म ने दोबारा रिलीज होने पर अपनी पहली कमाई को पछाड़ दिया। इतना ही नहीं आमिर खान के लाडले जुनैद खान और बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर की फिल्म 'लवयापा' की कमाई को भी पीछे छोड़ दिया लेकिन हर्षवर्धन के लिए यहां का सफर आसान नहीं रहा है।

***डिलेवरी बॉय सहित कई जगह की नौकरी:*** इसके लिए हर्षवर्धन ने अपने स्ट्रगलिंग दिनों में डिलेवरी बॉय के तौर पर भी नौकरी की है। इसका खुलासा भी खुद हर्षवर्धन ने जॉन



अब्राहिम के साथ मुलाकात का किस्सा सुनाते हुए किया था। हर्षवर्धन ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया था, 'मेरे शुरुआती दिनों में मैंने कई तरह की नौकरियां की हैं। 2004 में मैंने एक एसटीडी बूथ में बतौर ओपरेटर की नौकरी की जहां मुझे दिनभर की कमाई में 10 रुपये मिला करते थे। इसके बाद मैंने साइबर कैफे में भी काम किया जहां मेरी तनख्वाह दिन की डबल यानी 20 रुपये हो गई थी।

***जॉन अब्राहम के घर गया था डिलेवरी देने :*** इसके बाद मैंने डिलेवरी बॉय का काम संभाला और मुझे जॉन अब्राहिम से मुलाकात का मौक भी मिला। मैं हैलमेट की डिलेवरी किया करता था और कंपनी ने जॉन अब्राहिम के यहां मुझे डिलेवरी के लिए भेजा था। जब मैं वहां पहुंचा तो जॉन अब्राहिम 10 मिनट बाद खुद मुझसे मिलने आए और मुझे शुक्रिया कहा। इतने बड़े स्टार की इस हम्बलनेस से मैं काफी प्रभावित हुआ था।'

***टीवी से की शुरुआत, मचाया जमकर धमाल :*** हर्षवर्धन ने अपने करियर की शुरुआत साल 2007 में आए टीवी सीरियल 'लेफ्ट राइट लेफ्ट' से की थी। इस सीरियल के बाद हर्षवर्धन ने साउथ की फिल्मों में काम तलाशना शुरू कर दिया। खास बात ये है कि हर्षवर्धन को साउथ की फिल्में भी मिलने लगीं। 2010 में हर्षवर्धन ने 'थकिता थकिता' नाम की साउथ फिल्म में काम किया। इसके बाद 2012 में 'ना इस्थाम' में अपनी एक्टिंग का जलवा दिखाया। इसके बाद ये सफर लगातार जारी रहा।

## री-रिलीज में स्टारकिड्स को पछाड़ा

हर्षवर्धन की फिल्म अब 2025 में पूरे 9 साल बाद सिनेमाघरों में रिलीज हुई तो तहलका हो गया और फिल्म ने 45 करोड़ रुपयों से ज्यादा की कमाई कर डाली। इतना ही नहीं हर्षवर्धन की फिल्म 'सनम तेरी कसम' ने बॉक्स ऑफिस पर स्टारकिड्स जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म 'लवयापा' को भी पछाड़ दिया है।

## नेशनल ब्रेवरी अवॉर्ड से की जा चुकी हैं सम्मानित

# 36 बच्चों की मां है 50 साल की ये हसीना, 600 करोड़ की प्रॉपर्टी को मार चुकी है ठोकर

***मुंबई।*** *बॉलीवुड में ऐसे कई स्टार हैं, जो अपनी अदाकारी के साथ-साथ अपने सोशल वर्क के लिए भी जाने जाते हैं। इनमें सोनू सूद से लेकर जॉन अब्राहम और दीया मिर्जा सहित कई नाम शामिल हैं। ये स्टार, अपने-अपने स्तर पर सोशल वर्क में अपना योगदान दे रहे हैं। इस लिस्ट में 90 के दशक की भी एक एक्ट्रेस का नाम शुमार है। इस एक्ट्रेस ने जब इंडस्ट्री में कदम रखा तो अपनी क्यूटनेस और डिंपल्स से हर किसी का दिल जीत लिया। जी हां, हम बात कर रहे हैं बॉलीवुड की डिंपल गर्ल प्रीति जिंटा के बारे में। क्या आप जानते हैं, प्रीति जिंटा एक-दो नहीं बल्कि 36 बच्चों की मां हैं। कैसे, चलिए बताते हैं।*



## 34 बच्चे बाल निकेतन के और 2 खुद के

प्रीति जिंटा ने साल 2016 में अमेरिकी बॉयफ्रेंड जीन गुडइनफ से शादी की थी, जिनके साथ वह अब विदेश में ही सेटल हो चुकी हैं। शादी के पांच साल बाद दोनों सरोगेसी के जरिए 2 जुड़वा बच्चों जय और जिया के पेरेंट बने। लेकिन, इससे पहले ही प्रीति 34 बच्चों की मां बन गई थीं। प्रीति जिंटा ने 2009 में अपने 34वें जन्मदिन पर खुद को बहुत प्यारा सा गिफ्ट दिया और ऋषिकेश के मदर मिरेकल अनाथालय की 34 अनाथ बच्चियों को गोद लेने का फैसला किया। इस तरह इन 34 अनाथ बच्चियों और अपने दो बच्चों के साथ प्रीति 36 बच्चों की मां बन चुकी हैं।

## 34 बच्चियों की पूरी परवरिश की ली जिम्मेदारी

प्रीति जिंटा ने एक पुराने इंटरव्यू में इन बच्चियों को गोद लेने की बात कही थी। इसी दौरान प्रीति ने कहा था कि वह हमेशा इन 34 बच्चियों की परवरिश का ख्याल रखेंगी। उनकी शिक्षा के खर्च से लेकर कपड़े, खाना और अन्य चीजों का खर्च भी वही उठाएंगी। प्रीति इन 34 बच्चियों को अपनी जिम्मेदारी मानती हैं और अक्सर अपनी इन बेटियों से मिलने ऋषिकेश जाती रहती हैं।



प्रीति विदेश में रहते हुए भी इन बच्चियों के खर्च और जिम्मेदारी का पूरा ध्यान रखती हैं।

## शाहरुख खान की फिल्म से किया था डेब्यू

बता दें, प्रीति जिंटा ने 90 के दशक में बॉलीवुड डेब्यू किया था। प्रीति की पहली फिल्म 'दिल' थी, जिसमें शाहरुख खान और मनीषा कोइराला लीड रोल में थे। इसके बाद प्रीति ने अपने करियर में एक से बढ़कर एक फिल्में कीं और बॉलीवुड के तमाम बड़े स्टार्स के साथ काम किया। उन्होंने अपने करियर में कई हिट फिल्में दीं, जिनमें 'क्या कहना', 'कोई मिल गया' और 'वीर जारा' शामिल हैं। प्रीति अपनी फिल्मों के साथ ही अपनी खूबसूरती, क्यूटनेस और डिंपल के लिए भी मशहूर हैं।

## 600 करोड़ की संपत्ति लेने से किया इंकार

प्रीति जिंटा को लेकर एक दिलचस्प किस्सा ये भी है कि उन्होंने विरासत में मिली 600 करोड़ की संपत्ति को ठोकर मार दी थी। दरअसल, अभिनेत्री को दिवंगत डायरेक्टर कमाल अमरोही के बेटे शानदार अमरोही अपनी बेटी की तरह मानते थे। यही नहीं, वे अपनी 600 करोड़ की संपत्ति प्रीति जिंटा को देना चाहते थे, लेकिन प्रीति ने इसे लेने से इनकार कर दिया। 13 की उम्र में अपने पिता को खो चुकीं प्रीति का तर्क था कि वह अपने जीवन में किसी को अपने पिता की जगह नहीं दे सकतीं और ना ही किसी की संपत्ति ले सकती हैं।

## खबर संक्षेप



### अंतरराष्ट्रीय भाषण स्पर्धा में अंशिका प्रथम

**चरखी दादरी।** गांधियन सोसायटी इंडिया और गांधियन सोसाइटी अमेरिका द्वारा अंतरराष्ट्रीय वीडियो भाषण प्रतियोगिता में श्रीराम पब्लिक स्कूल कान्हडा के नौवीं कक्षा की छात्रा अंशिका ने प्रतियोगिता में भागीदारी की। अपने भाषण में छात्रा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन के सभी पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर प्रथम 50 विजेताओं में अपना स्थान बनाया। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह 24 फरवरी को सुबह 11 बजे केआईआईटी कैंपस भोंडसी गुरुग्राम में होगा।

### शिविर में 120 मरीजों की आंखों की जांच

**भिवानी।** आरके जांगिड़ फाउंडेशन के सहयोग से गांव छपार में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में आईक्यूसुपर स्पेशलिटी, गायित्री ईवाईई अस्पताल व अग्निहोत्री ईवाईई अस्पताल के नेत्र अनुभवी विशेषज्ञ डॉ. पवन सैनी, डॉ. जितेन्द्र कुमार, डॉ. रवि कुमार, डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने अपनी सेवाएं देते हुए लगभग 120 से अधिक लोगों के नेत्रों की जांच की। आवश्यकता अनुसार लोगों को चश्में व दवाईयां प्रदान की। संस्था प्रधान दयानन्द शर्मा ने बताया कि जरूरतमंद की सहायता के लिए संस्था का गठन किया। संस्था जरूरतमंद को दवा, वस्त्र, भोजन व दैनिक वस्तुओं के साथ पुस्तके वितरित की गई।

### आग के नुकसान का किया निरीक्षण

**तोशा।** हाल ही में क्षेत्र के गांव ढाणी माहू की गौशाला में आग लगने से हुए काफी नुकसान को लेकर मंगलवार को हरियाणा प्रदेश गौशाला महासंघ के अध्यक्ष डॉ. जगदीश मलिक ने गांव ढाणी माहू पहुंचकर गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ बाबा मुंगीपा गौशाला तोशाम के प्रधान सतपाल दूहन, गोरक्षा दल के प्रधान संजय परमार, बेसी गौशाला के सदस्य ने पहुंच कर गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान गौशाला महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जगदीश मलिक ने गौशाला की कमेटी को आश्वासन दिया कि आग लगने से हुए नुकसान में सहायता की जाएगी और शासन तथा प्रशासन से भी मांग की।

### बच्चों की पढ़ाई के लिए दी जा रही आर्थिक सहायता

**भिवानी।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि गरीब एकल और अनाथ बच्चों की पढ़ाई के लिए राज्य सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्पॉन्सरशिप स्कीम चलाई जा रही है। उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया की स्पॉन्सरशिप स्कीम के तहत पात्र बच्चों को 4 हजार रूपए प्रतिमाह के हिसाब से आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि स्कीम को लेकर मापदंड निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पात्र परिवार में केवल दो बच्चों को ही इस योजना का लाभ दिया जा सकता है। महावीर कौशिक ने बताया कि स्कीम का लाभ लेने के लिए शर्तें निर्धारित की गई है।

### सोलर पैनल लगवाकर बिजली बिल करें कम

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मुनीश शर्मा ने संबंधित विभागों के साथ आयोजित बैठक में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग की पीएम सूर्य घर मुफ्त योजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। योजना का लाभ उठाते हुए अंत्योदय परिवार अपने घर को आसानी से रोशन कर सकते हैं। अंत्योदय एवं अन्य कैटेगरी के परिवारों से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए आगे आना चाहिए। उपायुक्त ने पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इस योजना के तहत मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई।

---

राजकीय महिला महाविद्यालय खरक में संगीत एवं सांस्कृतिक लहरोत्सव कार्यक्रम

# कविता पाठ में रश्मि, पोस्टर मेकिंग में शमां, रंगोली में साक्षी व आरजू प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

राजकीय महिला महाविद्यालय खरक में उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के दिशा-निर्देशानुसार संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम लहरोत्सव-2025 का आयोजन किया, जिसमें साहित्य, चित्रकला व कलात्मकता को समर्पित हिंदी, पंजाबी, उर्दू, हरियाणवी व अग्रेज़ी काव्य पाठ आदि देशप्रेम, आध्यात्मिकता, सामाजिक समस्याओं पर भावपूर्ण प्रस्तुतियां हुई। मेहंदी, पोस्टर मेकिंग, रंगोली में छात्राओं की नवीनतम विचार प्रधान प्रतिभा उभर कर सामने आई। कार्यक्रम का आगाज प्राचार्य व अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित करके किया। प्राचार्य प्रोफेसर त्रिलोकचंद ने अतिथियों, छात्राओं और आयोजक समिति सदस्यो को बधाई दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पधारे मुख्यतिथि समाजसेवी मोहनलाल गोयल ने अपने अभिभाषण में छात्राओं के अनुशासन व प्रतिभा की प्रशंसा की और बताया कि प्रत्येक अवसर जीवन को पहचान देने में सक्षम होता है। विशिष्ट अतिथि सीएम विंडो चेयरमैन कमलसिंह परमार ने छात्राओं को बताया कि प्रत्येक व्यक्ति में ईश्वरीय शक्ति रूपी प्रतिभा छिपी हुई होती है। कार्यक्रम प्रोफेसर सीमा बुमरा व प्रोफेसर मनदीप कुमार के नेतृत्व में हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रोफेसर ईशा चौधरी, प्रोफेसर अनिता शर्मा, डॉ. मंजू, प्रख्यात संगीत निर्देशक लियाकत अली व अजीत, साहित्यिक कार्यक्रम में प्रोफेसर शिखा, डॉ. सुनीता, प्रोफेसर धर्मपाल व प्रोफेसर पवन ने तथा कला पक्षीय में प्रोफेसर संजय कुमार, प्रोफेसर राकेश, प्रोफेसर सुमित, प्रोफेसर मुकेश ने निर्णायक की भूमिका निभाई । मंच संचालन का दायित्व प्रोफेसर रूपम व प्रोफेसर संजय कुमार ने किया। मुख्यतिथि ने विजेताओं को मंच से सम्मानित किया। कविता पाठ प्रतियोगिता में रश्मि प्रथम, शीतल द्वितीय, तृतीय नेहा स्थान पर रही। रंगोली में साक्षी व आरजू ने प्रथम स्थान हासिल किया। पोस्टर मेकिंग में शमां, रुचिका, मोनिका ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान जीता। मेहंदी प्रतियोगिता में आरजू प्रथम, नीरज द्वितीय तथा नेहा तृतीय रही। एकल नृत्य में चंचल प्रथम, पूजा द्वितीय, तनु तृतीय रही। भजन गायन प्रतियोगिता में रश्मि ने प्रथम, कंचन ने द्वितीय तथा अंजू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर ललिता गोयल, प्रोफेसर नरेंद्र कथूरिया, डॉ. परमानंद, प्रोफेसर नवनीत सिंह, प्रोफेसर दीपक, प्रोफेसर मुकेश, सुरेन्द्र लांगयान व कश्यप शर्मा आदि मौजूद रहे।



**भिवानी।** हरियाणवी डांस की प्रस्तुति देती छात्रा।



## स्वयंसेवकों ने देश की विभिन्नता में एकता को दर्शाती लघु नाटिका का किया मंचन

**भिवानी।** स्वयंसेवक राष्ट्र एवं समाज के सच्चे प्रहरी हैं, स्वयंसेवकों का राष्ट्र एवं समाज के विकास में बड़ा योगदान है। किसी भी संस्थान की जान उनके विद्यार्थी होते है। स्वयंसेवकों को चाहिए वो शिक्षक वर्ग द्वारा दिखाए जा रहे मार्ग पर चलकर आगे बढ़े, ये बात हनुमान ढाणी स्थित हनुमान जोहड़ी धाम में वैश्य कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-एक द्वारा यूथ फॉर माई भारत और डिजिटल लिटरेसी विषय पर आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ करते हुए चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर दीप्ती धर्माणी ने कही। वैश्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-एक द्वारा यूथ फॉर माई भारत और डिजिटल लिटरेसी विषय पर सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हवन यज्ञ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हनुमान जोहड़ी धाम में हुआ। शिविर के शुभारंभ पर मुख्यतिथि सीबीएलयू की कुलपति प्रोफेसर दीप्ती धर्माणी, विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय प्रबंधक समिति के महासचिव डॉ पवन बुवानीवाला एवं महंत चरणदास ने शिरकत की। मंच संचालन स्वयंसेविका छवि ने किया। शिविर का शुभारंम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर एवं एनएसएस का गीत गाकर किया। अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कहा कि ऐसे शिविर एवं प्रकल्प विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। महंत चरणदास एवं डॉ. प्रोमिला सुहाग ने स्वयंसेवकों को बताया कि राष्ट्रीय की सेवा वास्तव में सच्ची सेवा है, इसलिए स्वयंसेवक लग्न के साथ जनसेवा के भागी बने। एनएसएस प्रभारी डॉ. कामना कौशिक ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। शिविर 18 फरवरी से 24 फरवरी तक चलेगा।

---

# नपा बवानी खेड़ा में 16 पार्षद व एक चेयरमैन बनेगा

- चेयरमैन के डेढ़ दर्जन से अधिक दावेदार तो पार्षदों का आंकड़ा भी पहुंचा 6 दर्जन के पार
- हर कोई कर रहा अपनी जीत के दावे

दीपक कुमार डुमड़ा ⏭ बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा नगर पालिका चुनावों में मुकाबला रोचक होने जा वाला है। सोमवार को नांमाकन के आखिरी दिन तक कुल 19 चेयरमैन व 73 पार्षदों के उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। हालांकि केवल एक चेयरमैन व 16 पार्षद चुने जाने हैं इससे साफ पता चलता है कि मुकाबला रोचक न महारोचक होने वाला है। पूरे प्रदेश की निगाहें बवानी खेड़ा नपा चुनाव पर टिक गई हैं। वार्ड पार्षद के लिए नामांकन करने वाले प्रत्याशी-वार्ड 1 से मंजू बाई, पुजा कुमारी, कुसुम रानी,किरन,सुमन देवी, वार्ड 2 से ईश्वर सिंह, सुंदर, मुकेश कुमार, दीपक सैनी, वार्ड 3 से विजेन्द्र सिंह, अशोक कुमार,सरोज, संदीप कुमार, वार्ड 4 से रेनू, निशिकांत, सतबीर, भागीरथ, वार्ड 5 से सुशिल,रेखा, देवेन्द्र, रिंकू, वार्ड 6 से प्रियंका, कृष्ण, बिट्टू, मनीषा, कविता,रमन कुमार, वार्ड 7 से दिनेश, राकेश, राजबाला, कुलदीप सिंह, वार्ड 8 से अंजली रानी, हर्षा,बिमला, वार्ड 9 से विष्णु, अशोक कुमार,निशा, सुमित्रा देवी, संजय कुमार, कृष्ण कुमार, सुभाष चन्द्र, सुनील कुमार, वार्ड 10 से मनीषा,सुमन,रेनू सोनी, वार्ड 11 से बलराम, सतबीर,जय कुमार, सुभाष सिंह, वार्ड 12 से सुमन लता,सरोज, कुसुम, मुकेश देवी, पुष्पा,सुमन रानी, वार्ड 13 से गौरव हंस, सुभाष चंद, रामकिशन, पिंकी महेंनदवार ,संजय कुमार, वार्ड 14 से शारदा देवी,रीना देवी,सुधा, रेनू देवी, मनीषा,आशा, वार्ड 15 से अमीता कुमारी, पुनम कुमारी, कमलेश, वार्ड 16 से दयानंद, योगेश बाजल, बसंती देवी,विजय सिंह शामिल हैं। इन्होंने किया चेयरमैन पद के लिए नामांकन दाखिल- सुन्दर शर्मा, कमल शर्मा, पंकज कुमार, हीना रानी, सतपाल, हरिकेश शर्मा,तरूण कुमार, आरती चौहान, मोहित यादव, टिंकू, अजीत कुमार, रमेश कुमार, सज्जन कुमार, दिलबाग, सतपाल मुंजाल, महेश कुमार, संजय कुमार, सीमा रानी, कृष्ण कुमार यादव शामिल है। हालांकि कुछ चेहरे शुरू से ही बने हुए हैं जिन पर लोग दाव लगा रहे हैं तो कोई भिवानी, हांसी जैसे चुनावों की बातें करता हुआ नजर आ रहा है। हर प्रत्याशी जमीन से जुड़ा हुआ है और अपने अपने वार्ड व शहर को जीतने पश्चात विकास की गति देने की बात करता हुआ नजर आ रहा है।

### बगावत व आरोप-प्रत्यारोप का दौर हुआ शुरू

चुनावों को लेकर जहां कुछ समुदायों व प्रत्याशियों ने पार्टी से बगावत शुरू कर दी है तो कहीं आरोप-प्रत्यारोप लगने शुरू हो गए हैं जिससे चेयरमैन, पार्षदों के लिए मुश्किलें खड़ी हो गई हैं। जिस राह को आसान जानकर इस जंग में कूद पड़े उस जंग में कहीं कहीं अपने ही जंग की आग को हवा देते हुए दिखाई दे रहे हैं। मगर ये भी मानना पड़ेगा की इस जंग में जीतने के लिए ऐड़ी चोटी तक का जोर लगाना होगा और रूठे हुए को मनाने के लिए पुरानी गललियों को कबूलकर भविष्य में उसे न दोहराने की कसम लेनी होगी।

---

# चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने पिता की पुण्यतिथि पर लगाई सवामणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

मंगलवार को स्व. नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह व बड़े भाई राहुल राणा ने अपने पिता स्व. ठाकुर कर्मवीर सिंह पहलवान की 14वीं पुण्यतिथि पर नंदीशाला में सवामणी लगाई। नंदियों व गायों को गुड व हरा चारा खिलाया। नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने कहा कि गायों की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य का कार्य नहीं। उनकी सेवाओं के लिए सभी को आगे आना चाहिए। पार्षद सूर्या तंवर ने कहा कि स्व. ठाकुर कर्मबीर सिंह हमेशा गायों की सेवा के लिए तत्पर रहते थे। उत्सवों पर गायों की सेवा के लिए गौशाला व नंदीशालाओं में जाकर उनकी सेवा करते थे। स्व. कर्मबीर सिंह समाज सेवा के साथ साथ धार्मिक कार्यक्रमों में भी अग्रणी रहते थे। उनकी सेवाओं को हमेशा याद रखा जाएगा। इस मौके पर वाइस चेयरमैन संदीप (बंटी ) सूर्या तंवर पार्षद, शिवकुमार पार्षद, रतिपाल ठेकेदार,पोनू पहलवान थे।



**भिवानी।** पिता की पुण्य तिथि पर गायों को गुड खिलाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

---

# नशा नैतिक-चारित्रिक मूल्यों में गिरावट का कारण

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि की झोझूकलां-कादमा शाखा के तत्वावधान में मेरा भारत नशा मुक्त भारत अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

नशा नैतिक और चरित्रिक मूल्यों में गिरावट का कारण है, नशे से दूर रहकर व्यक्ति अपना चरित्र उज्जवल, सबल एवं जीवन को सफल बना सकते हैं, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की झोझूकलां-कादमा शाखा के तत्वावधान में मेरा भारत नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत महाशिवरात्रि पर्व पर कलियाणा गांव में मेरा गांव नशा मुक्त भारत अभियान एवं शिव संदेश यात्रा द्वारा लोगों को नशामुक्त रहने की शपथ दिलाते हुए क्षेत्रिय प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए। उन्होंने लोगों को राजयोग मेडिटेशन करने व नशा व अन्य तमाम व्यसनों से दूर रहने की दृढ़ प्रतिज्ञा करवाते हुए कहा कि हम समाज की उन्नति चाहते हैं तो आध्यात्मिकता से नशे की लत से बचकर जीवन की नींव को मजबूत बनाना है। ब्रह्माकुमारी नीलम बहन ने तमाम नशीली लत वाली चीजों जैसे बीडी, सिगरेट, शराब, मोबाइल, इंटरनेट, तंबाकू, सुपारी व खैनी आदि से मुक्त होकर जीवन सक्षम व सफल बनाने के बारे में बताया। उन्होंने कहा अध्यात्म से आत्मबल बढ़ाना है धैर्य, त्याग, समर्पण सिखा समाज का सर्वांगीण विकास करना होगा। झोझूकलां सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने कहा कि राजयोग के माध्यम से मन में इंद्रियों को संयमित रखना जरूरी है, फिर नशे की लत से मुक्ति संभव है। गांव में शिव संदेश यात्रा निकाल परमपिता परमात्मा शिव के दिव्य संदेश के साथ-साथ गीतों, नारों से नशामुक्त गांव बनाने की अपील की।



**भिवानी।** नशा मुक्त रहने की शपथ दिलवाती बीके वसुधा। *फोटो : हरिभूमि*

---

# नशे को छोड़ खेलों से नाता जोड़ें युवा: वर्मा

- गांव चांदवास खेल स्टेडियम में युवाओं व बच्चों को नशे के प्रति जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा द्वारा चलाई गई नशा मुक्त जिला अभियान के तहत उप-पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने गांव चांदवास खेल स्टेडियम में युवाओं व बच्चों को नशे के प्रति जागरुक किया। उक्त कार्यक्रम के दौरान शामिल आम लोगों व बच्चों को नशे के दुष्परिणाम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नशा किस प्रकार हमारे शरीर के साथ ही हमारे मानसिक, आर्थिक एवं पारिवारिक जीवन को खराब कर देता है, जबकि खेलों से हमारा शारीरिक और मानसिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि नशे से केवल एक व्यक्ति का ही नहीं बल्कि उसके परिवार व समाज का भी नुकसान होता है तथा हमारा जीवन अंधकार में डूब जाता है। अतः इससे बचकर रहें और अपने परिचितों को भी इससे बचाएं और यदि कोई इसकी गिरफ्त में है तो उसे दृढ़ इच्छा शक्ति के द्वारा इससे बाहर लाने के लिए प्रयास करें। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य हमारे बच्चों को नशे से बचाना है, यदि युवा पीढ़ी खेलों से जुड़कर नशे का त्याग करेगा तभी हमारा यह अभियान सार्थक हो सकता है। इसके साथ ही उनको नशा छोड़ने के लिए आवश्यक पुलिस सहायता देने बारे भी बताया। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा नशीले पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। लोगों से अपील की कि नशे के कारोबार को लेकर कोई सूचना पुलिस से सांझा कर सकते हैं।



**चरखी दादरी।** युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते पुलिसकर्मी। *फोटो : हरिभूमि*

---

# विभागों के तालमेल से किया जा रहा समस्याओं का समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर हरियाणा सरकार की जनता की शिकायतों के समाधान के लिए समाधान शिविर के रूप में जनसेवा को समर्पित अनोखी पहल है। जिला प्रशासन की ओर से समाधान शिविर लगाकर लोगों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। मंगलवार को एसडीएम आशीष सांगवान और सीटीएम जितेन्द्र ने लघु सचिवालय के सभागार में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक संबंधित विभागों के विभागाध्यक्षों के साथ समाधान शिविर लगाकर आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। नागरिकों की प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, बिजली, पानी तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं आदि समस्याएं सुनी गई। उन्होंने मौके पर ही मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों के माध्यम से नागरिकों से प्राप्त कई समस्याओं का तत्परता से समाधान करते हुए शिकायतकर्ताओं को राहत पहुंचाई।



**चरखी दादरी।** समाधान शिविर में समस्या सुनते एसडीएम आशीष सांगवान।

---

शिक्षा से बड़ा दान नहीं, शिक्षा ग्रहण कर छात्र बनते अच्छे नागरिक: सर्राफ

# नकल न करने, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

- पुलिस विभाग ने हिट एंड रन सड़क सुरक्षा व साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

विवेकानंद हाई स्कूल में कनिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों ने वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों को लोक सांस्कृतिक नृत्य एवं रंगारंग प्रस्तुति के साथ विदाई पार्टी दी। इस अवसर पर हिट एंड रन सड़क सुरक्षा, पानी एवं पर्यावरण संरक्षण, नकल न करने व नशे से दूर रहने का भी संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यतिथि विधायक घनश्यामदास सर्राफ तथा अध्यक्षता सुरेंद्र लोहिया ने की। कार्यक्रम में विशेष सानिध्य महंत चरणदास महाराज का रहा। कार्यक्रम की संयोजक सावित्री यादव रही। कार्यक्रम में विशेष अतिथि शहर थाना प्रभारी सत्यनारायण, स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर मनीष श्योराण, रामनिवास, शिक्षाविद विजेंद्र यादव, प्राचार्या समी यादव, स्वास्थ्यकर्मी सुभाष यादव, राष्ट्रपति अवार्डी अशोक कुमार भारद्वाज, सामाजिक कार्यकर्त्ता अंजु आदि मौजूद रहे।




**भिवानी।** विधायक घनश्यामदास सर्राफ को सम्मानित करते आयोजक।

### विद्यार्थी देश का भविष्य

फेयरवेल पार्टी में बोलते हुए विधायक घनश्यामदास सर्राफ व लोहिया ने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य है और इन्हीं के द्वारा देश को मजबूत किया जा सकता है, इनमें से कोई देश का अधिकारी बनेगा तो इन्हीं में से नेता व डॉक्टर बनेगा। शिक्षा से बड़ा कोई दान नहीं है और शिक्षा के बल पर ही हमें देश को मजबूत कर सकते हैं। वहीं पुलिस अधीक्षक की तरफ से शहर थाना प्रभारी सतनारायण ने हिट एंड रन सड़क सुरक्षा अभियान और साइबर क्राइम के प्रति विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को उजागर किया कि सड़क हादसों एवं साइबर क्राइम से कैसे बचा जाए और कैसे सावधान रहा जाए। डॉक्टर मनीष श्योराण ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति टिप्स दिए। सावित्री यादव एवं अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में आगे बढ़ते हैं और आगे बढ़ाने के लिए उन्हें संघर्ष करना पड़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नकल न करने, पानी एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलवाया।

---



**भिवानी।** समाधान शिविर में लोगों की समस्याए सुनते उपायुक्त। *फोटो : हरिभूमि*

# समाधान शिविर में डीसी ने सुनीं जन समस्याएं

- 1134 का किया समाधान और 928 विचाराधीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

डीसी महावीर कौशिक ने लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनीं। आज कुल 12 नागरिकों ने अपनी समस्याएं डीसी के समक्ष रखी। अब तक 2443 शिकायते प्राप्त हुई हैं। 1134 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है और 928 शिकायतें प्रक्रिया में हैं तथा 108 शिकायते आधारहीन होने के कारण स्थगित की दी गई है। 14 शिकायतों को दोबारा से सुनवाई होगी।

## खबर संक्षेप



### आठ एकड़ में बने अवैध निर्माण गिराए

**चरखी दादरी।** जिला नगर योजनाकार विभाग की ओर से शहरी क्षेत्र में अवैध निर्माणों को गिरा दिया। विभाग की टीम ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट अमित की देखरेख में भैरवी-कलियाणा में आठ एकड़ में बनाई विकसित की जा रही अवैध कालोनी की चारदीवारी को जेसीबी मशीन से गिराया। जिला नगर योजनाकार ने कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्रोपर्टी डीलरों के बहकावे में आकर प्लाट न खरीदें। कुछ डीलर शहर के चारों तरफ अवैध कालोनी विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं, जो पूरी तरह से अवैध है।

### छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती आज मनेगी

**भिवानी।** हरियाणा समेत पूरे भारत में हिन्द स्वराज्य की नींव रखने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज की जयन्ती 19 फरवरी को बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी। उपरोक्त जानकारी देते हुए धनुषधारी धाणक वीर मराठा समाज हरियाणा के संगठन महासचिव विनोद मराठा ने दी। उन्होंने बताया कि देश से मुगलों और अंग्रेजों को भगाने वाले तथा अटक से कटक हिन्द स्वराज्य की स्थापना करने वाले एक मात्र योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज थे। आज जो भी भारतीय कुम्भ में स्नान करते है, उसमें छत्रपति शिवाजी महाराज और छत्रपति सम्भाजी महाराज की देन है।

### बीपीएमएस का नेत्र और मेडिकल जांच शिविर आज

**भिवानी।** जन-जन के कल्याण एवं जरूरतमंदों की सेवा को समर्पित देश की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था भिवानी परिवार मैत्री संघ की ओर से बुधवार 19 फरवरी को राजरानी महाजन एवं कुलदीप राज महाराज की पुण्य स्मृति में निःशुल्क आंखों का मोतियाबिंद आपरेशन(लेंस वाला) एवं मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। संस्था का ये 24वां शिविर सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक दादरी गेट स्थित श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में लगाया जाएगा। जांच के लिए टोकन 19 फरवरी को सुबह 8:30 बजे से पहले 'आओ-पहले पाओ' के आधार पर 300 रोगियों को ही दिए जाएंगे।

## मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने भिवानी रेलवे जंक्शन पर दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

# दिल्ली-हिसार व किसान एक्सप्रेस को भिवानी जंक्शन से ही संचालित करने की उठाई मांग

**वृद्धों, विकलागों व पत्रकारों को पहले की तरह टिकटों में दी जाए छूट: कामरेड ओमप्रकाश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी जिला कमेटी ने भिवानी रेलवे जंक्शन पर धरना दिया और दिल्ली-हिसार व किसान एक्सप्रेस का पहले की तरह भिवानी रेलवे जंक्शन से ही संचालित करने की मांग उठाई।

रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने भी मांग की कि 60 वर्ष से ऊपर आयु की महिलाओं, पुरुषों, विकलागों व पत्रकारों को पहले की तरह टिकटों में छूट दी जाए, क्योंकि कोरोनाकाल में ये छूट बंद कर दी गई थी। दोनों संगठनों ने स्टेशन मास्टर के माध्यम से नार्थ ईस्ट रेलवे मंडल जयपुर के महाप्रबंधक अमिताभ को ज्ञापन भिजवाया है। इस मौके पर माकपा के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश, सचिव मंडल सदस्य कामरेड अनिल व करतार ग्रेवाल ने बताया कि दिल्ली-हिसार-दिल्ली व किसान एक्सप्रेस का संचालन भिवानी रेलवे जंक्शन से बंद करने के बाद दैनिक यात्रियों व आम यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि शहर व गांव के 90 प्रतिशत लोग इसी जंक्शन से यात्रा करते हैं। जंक्शन पर रेल यात्रियों के लिए तमाम सुविधाएं उपलब्ध हैं तथा उनकी सुरक्षा एवं सुविधा के लिए मूलभूत ढांचा बना हुआ है। वहीं सिटी स्टेशन पर ऐसा ढांचा बनाने में करोड़ों रुपये खर्च होंगे तथा बड़ी एवं महत्त्वपूर्ण गाड़ियों के अभाव में बना हुआ ढांचा भी बर्बाद हो जाएगा तथा जंक्शन के आसपास के हजारों लोगों का रोजी रोटी के लिए कारोबार भी बंद हो जाएगा, इसलिए उपरोक्त दोनों गाड़ियों को पहले की तरह भिवानी जंक्शन से संचालन जारी रखा जाना चाहिए, अन्यथा बहुमत जनता के हित विपरीत रूप से प्रभावित होंगे। सिटी स्टेशन पर भी इन दोनों गाड़ियों का ठहराव सुनिश्चित किया जाए।




**भिवानी।** स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपते माकपा के पदाधिकारी व सदस्य।

**ये रहे मौजूद**

धरने में माकपा नेता सुखदेव पालुवास, मास्टर शेरसिंह, रामफल देशवाल, सन्तोष देशवाल, चन्द्रभान नाहलिया, सज्जन कुमार सिंगला, युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान, एडवोकेट सन्दीप भटेजा, पिछड़ा वर्ग नेता सुरेश प्रजापति, रिटायर्ड कर्मचारी नेता महेन्द्र तंवर, महेन्द्र सिंह मिताथल, किसान नेता प्रताप सिंह सिंहमार, धर्मबीर सिवाच, महाबीर फोजी, राजकुमार दलाल, महिला नेत्री बिमला घनघस, अनुराधा, मजदूर नेता भीमसिंह नवा, रमन व ईश्वर आदि मौजूद रहे।



## मांगों व समस्याओं को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**चरखी दादरी।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन ने अपनी मांगों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा फौगाट को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व हसला जिला प्रधान विद्यानंद श्योराण ने किया और शिक्षा अधिकारी को प्राध्यापकों के साथ आ रही विभिन्न समस्याओं को अवगत करवाया। ज्ञापन में एसीपी की लंबित मुद्दे, वर्ष 2022 के शीतकालीन अवकाश के समय लगी कक्षाओं के लिए निदेशालय द्वारा अर्जित अवकाश देने संबंधित मांग रखी गई। जिला प्रधान व प्रवक्ताओं ने बताया कि इसके चलते शिक्षकों को मानसिक परेशानियों से दो चार होना पड रहा है। खासकर इसका असर निकटवर्ती समय में सेवानिवृत होने वालों पर भी हो सकता है। कुछ अध्यापक आगामी माह में सेवानिवृत्ति हो रहे हैं, रिटायरमेंट के दौरान मेडिकल बिलों पर भी ऑब्जेक्शन लग सकता है। डीएससी से वापस बहुत दिन गुजारने के बाद आते हैं जिससे अध्यापकों को समस्या ही होती है। इसके लिए ज्ञापन दिया। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी को आश्वस्त किया कि कोई भी समस्या रहने नहीं दी जाएगी, वो अध्यापकों की परेशानियों को दूर करवाने का प्रयास करेंगी। आज की बैठक के दौरान प्रतिनिधि मंडल में बौंद ब्लॉक प्रधान डॉ. भुवनेश गौड, बाढडा ब्लॉक प्रधान पवन कुमार, रमेश कुमार रूदडौल, सतीश साहू, योगेंद्र सिंह, पिकन सांगवान, कुलदीप चहल व सुनील श्योराण उपस्थित रहे।



**लोहारू।** दिल्ली में मा. लीलाराम वर्मा को सम्मानित करते हुए गीतकार कीर्ति काले, इसरो वैज्ञानिक सुदेश रौनिजा व कवि निर्मल। *फोटो: हरिभूमि*

## शिक्षक लीलाराम वर्मा को दिल्ली में किया सम्मानित

- **स्टाफ सदस्यों ने दी बधाई, कार्यक्रम में लीलाराम की कविता ने बटोरी तालियां**

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

गांव ढाणी गंगाबिशन के राजकीय प्राथमिक पाठशाला के शिक्षक मा. लीलाराम वर्मा को दिल्ली के गांधी शांति प्रतिष्ठान में फरीदाबाद की सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित समारोह में अखिल भारतीय सृजन सम्मान से नवाजा गया।

उन्हें यह सम्मान सुप्रसिद्ध इसरो वैज्ञानिक ठाकुर सुदेश रौनिजा, कवियत्री एवं गीतकार कीर्ति काले, संस्था के पदाधिकारी डॉक्टर मीना घूमेनिराली तथा डॉक्टर गरिमा भाटी गौरी ने प्रदान किया और लीलाराम वर्मा को बधाई दी। मा. लीलाराम को यह सम्मान मिलने पर बीईओ विजय प्रभा व क्षेत्र के अनेक सामाजिक संस्थान के सदस्यों व स्टाफ सदस्यों ने बधाई दी हैं। बता दें कि मा. लीलाराम वर्मा शिक्षण अधिगम को बेहतर बनाने और शिक्षा में नवाचार के लिए विभिन्न प्रकार की सामग्री व उपकरण तैयार चुके हैं। जिसके लिए वे शिक्षा विभाग से जुड़े अनेक कार्यक्रमों में कई बार सम्मानित हो चुके हैं। मा. लीलाराम शिक्षा के साथ साथ प्रकृति के संरक्षण और पौधारोपण के लिए भी सदैव तत्पर रहते हैं। दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम में मा. लीलाराम ने स्वरचित ममता की छांव कविता का भी मंचन किया तथा कार्यक्रम में उनकी इस कविता ने काफी तालियां बटोरी। लीलाराम वर्मा अब तक अनेकों कविताओं जैसे खामोशी, पुकार, रक्षा सूत्र, सूनी सांझ, ममता की छांव आदि की रचना कर चुके हैं तथा उनके द्वारा वर्तमान सामाजिक मुद्दे पर लिखित पुस्तक बाल यौन शोषणः दुनिया के माथे पर कलंक का प्रकाशन पिछले वर्ष 7 दिसंबर को नई दिल्ली में हुआ था तथा साथ ही वे नवाचारी शिक्षा एंव समाज सेवा के कार्यों में अपना उत्कृष्ट योगदान दे रहे हैं। शिक्षक लीला राम वर्मा को अखिल भारतीय सृजन सम्मान मिलने पर लोहारू की खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रभा, विजय कुमार, अनिल कुमार, अशोक ढिल्लो, सत्यवान भूंगला, पवन स्वामी आदि ने बधाई दी।

## 239 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य जांचा

- **जंक फूड से दूर रहकर व पौष्टिक भोजन अपनाकर स्वस्थ जीवन जी सकते है विद्यार्थी : बाजिया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी




हरियाणा स्कूल शिक्ष परियोजना परिषद के निर्देशानुसार जिला के गांव भानगढ़ स्थित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में तीन दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका मंगलवार को समापन हुआ। तीन दिवसीय शिविर के दौरान 239 विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन सीएचसी कैरू से डा. यशवंती के नेतृत्व में किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी विद्यार्थियों का हेल्थ कार्ड बनाकर संबंधित बीमारी के लिए मैडिसीन व जरूरत अनुसार विद्यार्थियों को भिवानी के चौ. बंसीलाल नागरिक अस्पताल में रैफर किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर के समापन पर निबंध प्रतियोगिता व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन करवाया गया। जिसमें प्रत्येक कक्षा के प्रथम छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर के दौरान डा. यशवंती ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां दी तथा बताया कि सही खान-पान व स्वस्थ जीवनचर्या से हम बहुत सी बीमारियों से बचे रह सकते है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे जंक फूड से दूर रहकर पौष्टिक भोजन ले तथा स्वस्थ जीवन जीये। प्राचार्य दिलबाग सिंह बाजिया ने पूरी मेडिकल टीम का धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर मैडिकल टीम से सुमिता कुमारी, पूजा सहित विद्यालय स्टाफ सदस्य नरेंद्र सिंह, श्रीभगवान, सुनील, प्रदीप, अरविंद, विरेंद्र, मोनिका, सुनील कुमार एलए, सुदेश सहित समस्त विद्यार्थी मौजूद रहे।

## फायर ब्रिगेड टीम ने बच्चों को किया जागरूक

- **आग लगने पर तत्काल काबू पाने के लिए भिन्न-भिन्न प्रयोग करके दिखाए छात्रों को**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी




**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे व शिक्षक। *फोटो: हरिभूमि*

जी-लिट्रा वैली स्कूल में अग्निशमन अधिकारियों व सहयोगियों द्वारा फायर सेफ्टी जागरूकता सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम में दमकल कर्मी रणधीर सिंह, राजेश कुमार ने अपने सहयोगी सुनील कुमार, जोगिन्द्र व प्रशांत यादव के साथ विद्यालय पहुंचकर आग लगने के कारणों तथा उन पर तत्कालिन कार्यवाही करते हुए आग पर काबू कैसे पाया जाए इसकी पूर्ण जानकारी प्रदान की। जिसमें पट्रोल में, गैस सिलेण्डर में, बिजली में, बाइक में व अन्य यंत्र कहीं आग लगने पर तत्काल काबू पाने के लिए भिन्न-भिन्न प्रयोग करके दिखाए गए। उन्होंने शिक्षकों को भी प्रयोग करने के लिए आमंत्रित किया। जिससे वे कक्षाओं में समय -समय पर विद्यार्थी व अपने आस-पास के लोगों को जागरूक करते रहें।

इन प्रयोगों से बच्चों को वास्तविक स्थिति से निपटने का अनुभव मिला। इसके साथ ही फायर अलार्म के उपयोग और इसके महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर शैक्षणिक निदेशिका दिव्या गर्ग, उपप्राचार्या सुनीता त्रिखा, खेल प्रशिक्षक अनिल शर्मा, संजय भारद्वाज व सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं विद्यालय परिसर में उपस्थित रहे। उपप्राचार्या सुनीता त्रिखा ने अग्निशमन टीम का पूरे विद्यालय परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया।

### भविष्य में मिलेगा लाभ

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों द्वारा विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, अभिभावकों व अन्य लोगों को भविष्य में बेहद लाभ मिलेगा।

## बेटी हीना की शादी में मौसी रेखा यादव ने घोड़ी पर बैठाकर निकाला बनवारा



**भिवानी।** बेटा-बेटी के भेद को खत्म करने व समाज को सकारात्मक संदेश देने के उद्देश्य से गांव दिनोद निवासी सुरेश यादव व सुमन देवी ने अपनी बेटी हीना की शादी में बेटों की शादी में होने वाली सभी रस्में निभाई। वहीं हीना की मौसी रेखा यादव व मौसेरे भाई साहिल ने बेटों की तरह हीना को घोड़ी पर बैठाकर बनवारा भी निकाला। हीना का कहना है कि आज बेटियां किस भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं है तथा हर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान स्थापित कर रही है। वे एमए पास है।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

**हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी**
**फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005**

## ऐतिहासिक होगा महाराणा जयंती समारोह

- **जयंती समारोह की सफलता के लिस मड्डू ने किया जनसम्पर्क अभियान का श्रीगणेश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** एकत्रित लोगों को संबोधित करते वरिष्ठ भाजपा नेता परमजीत सिंह मड्डू। *फोटो: हरिभूमि*

वरिष्ठ भाजपा नेता परमजीत सिंह मड्डू ने कहा कि मई माह में होने वाला प्रदेश स्तरीय महाराणा प्रताप जयंती समारोह ऐतिहासिक होगा। उन्होंने महाराणा प्रताप जयंती समारोह के लिए जनसम्पर्क अभियान चलाया हुआ है । इसी क्रम में मंगलवार को गांव तिगड़ाना में युवाओं की बैठक आयोजित की और उनको समारोह की सफलता के लिए अभियान चलाए जाने का आहवान किया।तिगड़ाना के अलावा अन्य आधा दर्जन गांवों में जनसम्पर्क अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि महापुरुष किसी एक विशेष बिरादरी के नहीं बल्कि 36 बिरादरी के लोगों के आदरणीय होते है। उनकी स्मृति में सभी को कार्यक्रम का आयोजन करके याद करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि जो युवा व व्यक्ति महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर चलता है। उस व्यक्ति को कभी भी जीवन असफलता का मुख नहीं देखना पड़ता। उन्होंने युवाओं से महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर चलने का आहवान किया। उन्होंने बताया कि समारोह स्थल का चयन लोगों से विचार विमर्श करके किया जाएगा। इस मौके पर शैली जेलदार, विजेंद्र, कैप्टेन नरेंद्र, विजयंत,सुभाष, हरिओम, कमल, दीपक, अशोक, भीम, संदीप, लाला, आकाश, नेत्र, सुरेश चौहान आदि मौजूद थे।



## सोलो नृत्य में छात्रा नेहा ने मारी बाजी

**तोशाम।** चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम उमंग के दूसरे दिन मंगलवार को महाविद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम में प्रोफेसर गोदारा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। वहीं महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर मंजीत सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान प्रोफेसर गोदारा ने छात्राओं को सांस्कृतिक कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों के महत्व से अवगत करवाया। उन्होंने छात्राओं को बताया कि इन गतिविधियों में भाग लेने से छात्राओं में आत्मविश्वास तो बढ़ता ही है बल्कि आगामी समय में यही छात्राएं राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करती हैं। इस दौरान आयोजित हुए सोलो नृत्य में छात्रा नेहा ने प्रथम, तनु ने द्वितीय तथा आरती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में कुसुम ने प्रथम, पुष्पा ने द्वितीय तथा रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्टूनिंग प्रतियोगिता में कोमल ने प्रथम, प्रीति ने द्वितीय तथा नवजोत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान मंच संचालन डॉक्टर जयपाल शास्त्री तथा डॉ. तरुणा ने किया। इस कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान अनेक छात्राएं तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

**हरिभूमि**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## टीआईटी स्कूल में खंड स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

# भोजन स्वास्थ्य स्वच्छता मॉडल में मुस्कान रही अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

टीआईटी वमा विद्यालय में खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी, पोस्टर मेकिंग, रोल प्लेय व गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजन परिषद के निर्देशानुसार खंड शिक्षा अधिकारी शिवकुमार तंवर के निर्देशन में हुई। प्रतियोगिता के संयोजक प्रवक्ता प्रवेश गौतम, नरेन्द्र शर्मा, अनिल अरोड़ा रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. डीपी कौशिक ने की। प्रतियोगिता का आरंभ मुख्यतिथि ने मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित किया। प्रतियोगिता में 32 सरकारी स्कूलों के कक्षा छठी से 12वीं तक के लगभग 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया।



**भिवानी।** टीआईटी स्कूल में खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथि।

### आपदा प्रबंधन में जीजीएसएसएस देवसर से प्रिया प्रथम व सानिया द्वितीय

शिक्षक लक्ष्मण गौड़ ने परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल भोजन स्वास्थ्य स्वच्छता में जीजीएसएसएस बापोड़ा से मुस्कान प्रथम, राजकीय मिडल स्कूल भिवानी से भूमिका द्वितीय, यातायात संचार में जीएसएसएस बामला से दिवांशू प्रथम, जीएसएसएस पालुवास से दीपसिंह द्वितीय, प्राकृतिक खेती में जीजीएसएसएस बापोड़ा से खुशी और कमल प्रथम, राजकीय स्कूल प्रेमनगर से खुशी व प्रेम द्वितीय स्थान पर रहे। आपदा प्रबंधन में जीजीएसएसएस देवसर से प्रिया प्रथम, जीजीएसएसएस दिनोद से सानिया द्वितीय, गणित कौशल प्रतियोगिता में जीजीएसएसएस बापोड़ा से दृष्टि प्रथम व संजना द्वितीय स्थान पर रही। कचरा प्रबंधन में जीजीएसएसएस देवसर से कंचन प्रथम, जीजीएसएसएस खरककलां से निधि द्वितीय स्थान पर रही। संसाधन प्रबंधन में पीएमश्री जीजीएसएसएस भिवानी से श्रुति प्रथम, मीडल स्कूल मदमाधवी से भवानी द्वितीय स्थान पर रही। प्रतियोगिताओं में मनोज कुमार, महेन्द्र कुमार, अजय शर्मा, विभा यादव, रीतिका वशिष्ठ, प्रवेश, आशीष भारद्वाज, सुरेन्द्र कुमार, महेन्द्र शर्मा, अनिल हलवासिया, ममता पालीवाल, भारत यादव ने जज की भूमिका निभाई। सभी विजेता छात्रों को मुख्यतिथि व अतिथियों ने प्रमाण-पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

मुख्यतिथि ने कहा कि विज्ञान के द्वारा ही हम अपने जीवन को सरल व उपयोगी बना सकते हैं। छात्रों ने विभिन्न मॉडलों से स्वच्छता, पर्यावरण, यातायात व वेस्ट मेटेरियल उपयोग के द्वारा नए विचार व वैज्ञानिक सिद्धांतों से अपने जीवन को उज्ज्वल बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीआरपी सोनिया, राकेश, राजेश, प्रीति, एबीआरसी सनेह, सुशीला, रेनु, अमित, संजय मुदगिल, संदीप वधवा, राजेन्द्र कुमार व लक्ष्मण गौड़ का विशेष योगदान रहा।